14. सूर-श्याम

1. 'सूर-श्याम' कविता साहित्यिक विधा में क्या है ?

   'सूर-श्याम' कविता साहित्यिक विधा में 'पद' है ।

2. 'सूर-श्याम' पद के कवि कौन है ?

   सूरदास

3. सूरदास जी का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

   सन् 1540 को रुनकता (उ.प्र) में

4. कौन हिन्दी साहित्याकाश के सूर्य माने जाते हैं ?

   सूरदास

5. सूरदास भक्तिकाल के किस धारा के कवि हैं ?

   सगुण भक्तिधारा

6. सूरदास जी किस शाखा के प्रवर्तक माने जाते हैं ?

   कृष्णभक्ति शाखा

7. सूरदास जी की प्रमुख रचनाएँ लिखिए ।

   सूरसागर, सूरसारावली और साहित्यलहरी ।

8. तुलसीदास की मृत्यु कब हुई ?

   सन् 1642 में

9. बच्चे स्वभाव से कैसे होते हैं ?

   भोले

10. सूर-श्याम पद में किसका सुंदर चित्रण है ?

    कृष्ण की बाल-लीला, उसका भोलापन और माता यशोदा के वात्सल्य का सुंदर चित्रण है ।

11. बालकृष्ण किस से शिकायत करता है ?

    माँ यशोदा

12. बालकृष्ण की शिकायत किस के प्रति है ?

    भाई बलराम

13. बालकृष्ण को कौन चिढ़ाता है ?

    बलराम

14. बालकृष्ण अपनी माता यशोदा से क्या शिकायत करता है ?

    भाई बलराम चिढ़ाने की

15. बलराम, बालकृष्ण को क्या कहकर चिढ़ाता है ?

    'तुम्हें माँ यशोदा ने नहीं जन्म दिया है, बल्कि मोल लिया गया है ।' इस तरह कहके बलराम, बालकृष्ण को चिढ़ाता है ।

16. बालकृष्ण का रंग कैसा था ?

स्याम (काला)

17. यशोदा और नंद का रंग कैसा था?

गोरा

18. बलराम के अनुसार किसे मोल लिया गया है ?

कृष्ण

19. बलराम के साथ कृष्ण कहाँ नहीं जाना चाहता है ?

खेलने को

20. चुटकी दे-देकर हँसनेवाले कौन थे ?

ग्वाला मित्र

21. बलराम ने ग्वाला मित्रों को क्या सीखाया ?

चुटकी बजाकर हँसना

22. बालकृष्ण का क्रोध किस पर है ?

भाई बलराम

23. बालकृष्ण किन-से अपमानित है ?

अपने सखाओं (ग्वाला मित्रों) से

24. यशोदा केवल किसे मारती है ?

बालकृष्ण को

25. बालकृष्ण के अनुसार यशोदा किस पर गुस्सा नहीं करती ?

भाई बलराम

26. यशोदा क्यों खुश होती है ?

कृष्ण के क्रोधयुत मुख को देखकर और उसकी बातों को सुनकर

27. जन्म से चुगलखोर कौन है ?

बलराम

28. यशोदा किस की कसम खाती है ?

गोधन

29. यशोदा गोधन की कसम खाकर कृष्ण से क्या कहती है ?

'मैं ही तेरी माता हूँ और तुम मेरे पुत्र हो ।'

30. बालकृष्ण अपनी माता यशोदा से क्या-क्या शिकायतें करता है **?**

भाई बलराम बहुत चिढ़ाता है । वह कहता है 'तुम्हें माँ यशोदा ने नहीं जन्म दिया है, बल्कि मोल लिया गया है ।बार-बार पूछता है कि तुम्हारे माता-पिता कौन है । और कहता है नंद और यशोदा गोरे हैं लेकिन तुम क्यों काले हो । यह सुनकर ग्वाला मित्र चुटकी बजाकर हँसते हैं । बलराम ने ग्वाला मित्रों को यह सीखाया है । इस तरह बालकृष्ण अपनी माता यशोदा से शिकायतें करता है ।

31. कृष्ण बलराम के साथ खेलने क्यों नहीं जाना चाहता **?**

क्योंकि बलराम कृष्ण को 'तुम्हें माँ यशोदा ने नहीं जन्म दिया है, बल्कि मोल लिया गया है ।' इस तरह कहके चिढ़ाता है । इसी गुस्से के कारण कृष्ण बलराम के साथ खेलने नहीं जाना चाहता ।

32. कृष्ण अपनी माता यशोदा से क्यों नाराज हैं ?

बालकृष्ण समझता है कि माता यशोदा केवल उसे ही मारती है और भाई बलराम पर गुस्सा नहीं करती । इसलिए कृष्ण अपनी माता यशोदा से नाराज है

33. यशोदा कृष्ण को किस प्रकार सांत्वन देती है ? **OR** यशोदा कृष्ण के क्रोध को कैसे शांत करती है ?

यशोदा सांत्वन देते कहती है - "हे कृष्ण ! सुनो । बलराम जन्म से चुगलखोर है । मैं गोधन की कसम खाकर कहती हूँ, मैं ही तेरी माता हूँ और तुम मेरे पुत्र हो ।"